उत्तर प्रदेश शासन

मत्स्य उत्पादन अनुभाग

संख्या-03/2024/76/सत्रह-म-2024-17-1001(009)/322/2019

दिनांक: 18/01/2024

कार्यालय-आदेश

ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक के पद पर मौलिक रूप से नियुक्त श्री किशन शर्मा , जनपद-चित्रकूट को लोक सेवा आयोग उ0प्र0,प्रयागराज के पत्र संख्या-74 (3)/27/एस-1/पी/2023-24,दिनांक 22 दिसम्बर, 2023 द्वारा उपलब्ध करायी गयी चयन समिति की संस्तुति के आधार पर सहायक निदेशक मत्स्य, वेतन वैण्ड-3 रू015600-39100,ग्रेड पे 5400 (पुनरीक्षित मैट्रिक्स लेवल-10) के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पदोन्नत करते हुए, उन्हें सहायक निदेशक मत्स्य जनपद-मैनपुरी के रिक्त पद पर एतदद्वारा तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

2- उक्त नव पदोन्नत अधिकारी कार्यभार ग्रहण कर ,कार्यभार–प्रमाणक शासन एवं निदेशक मत्स्य, उ0प्र(लखनऊ को उपलब्ध करायेंगे।

3- उक्त पदोन्नत अधिकारियों को उत्तर प्रदेश मत्स्य पालन (राजपत्रित)सेवानियमावली 1993 यथा संशोधित 2001 तथा उ0 प्र0 सरकारी सेवक परिवीक्षा नियमावली 2013 यथासंशोधित 2016 में प्राविधानित व्यवस्था के अन्तर्गत कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जाता है।

4- उक्त पदोन्नत अधिकारियों के सेवा सम्बन्धी प्रकरण उत्तर प्रदेश मत्स्य पालन (राजपत्रित) सेवानियमावली 1993 यथा संशोधित 2001 एवं शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत सुसंगत शासनादेशों से आच्छादित होंगे ।

Digitally Signed by Sunil Kumar Verma
Date: 18-01-2024 17:14:22
Reason: Approved

(सुनील कुमार वर्मा)
विशेष सचिव।

संख्या-03/2024 / 76(1)/सत्रह-म-2024 तददिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित: –

1. महालेखाकार,उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2. निदेशक मत्स्य, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3. मण्डलायुक्त, चित्रकूट/ आगरा मण्डल ।
4. जिलाधिकारी, चित्रकूट / मैनपुरी।
5. सचिव,लोक सेवा आयोग इलाहाबाद को उनके पत्र संख्या- 74(3)/27/एस-1/पी/2023-24,दिनांक 22 दिसम्बर, 2023 के संदर्भ में सूचनार्थ।
6. संयुक्त निदेशक,राजकीय मुद्रणालय इलाहाबाद को राजपत्रित गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।
7. सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी/अधिशासी निदेशक मत्स्य पालक विकास अभिकरण , उ0प्र0।
8. सम्बन्धित उप निदेशक मत्स्य/सहायक निदेशक मत्स्य, उ0प्र0।
9. मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, सिद्वार्थनगर/ देवरिया ।
10. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 मत्स्य विकास निगम लि0 लखनऊ।
11. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 मत्स्य जीवी सहकारी संघ लि0 लखनऊ।

12. वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, मत्स्य निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ।
13. सम्बंधित अधिकारी ।
14. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरीश कुमार)
अनु सचिव।